**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर,**
लखनऊ – 226010

**संख्या :- 32 /05/कम्प्यू.अनु.-12/2019-21/26-परीक्षा/2016**

लखनऊ : दिनांक : 08 सितम्बर, 2021

## आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या-26-परीक्षा/2016, सम्मिलित कनिष्ठ सहायक व कनिष्ठ लिपिक (सा0च0) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2016(II) के अंतर्गत निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, उ0प्र0, लखनऊ आदि विभागों के नियंत्रणाधीन कनिष्ठ सहायक व कनिष्ठ लिपिक के कुल रिक्त 536 पदों पर चयन हेतु संपन्न लिखित परीक्षा एवं द्वितीय चरण की टंकण परीक्षा के आधार पर चयन के अगले चरण साक्षात्कार हेतु अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों के परिणाम से संबन्धित सूचना संख्या-23/05/कम्प्यू.अनु.-(बारह)/2019-21/26-परीक्षा/2016, दिनांक-20-07-2021 के संदर्भ में उक्त 2384 अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उनका साक्षात्कार दिनांक 15-09-2021 से 08-10-2021 तक उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, पिकप भवन, तृतीय तल, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ स्थित कार्यालय में आयोजित किया जायेगा।

2- प्रश्नगत साक्षात्कार से संबन्धित समस्त अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि साक्षात्कार-पत्र व अन्य 04 प्रपत्र डाउनलोड करने हेतु अभ्यर्थी पहले अपनी श्रेणी यथा- अनारक्षित, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के अनुसार क्रमशः रु० 60, 60, 20 तथा 20 (अनारक्षित व ओ०बी०सी०-60 रू० तथा एस०सी० व एस०टी०-20 रू०) ऑनलाइन साक्षात्कार शुल्क जमा करेगें। साक्षात्कार शुल्क जमा करने के उपरान्त ही अभ्यर्थी अपना साक्षात्कार-पत्र व अन्य 04 प्रपत्र डाउनलोड कर सकेगा। साक्षात्कार शुल्क जमा करने के लिए अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के Homepage पर उपलब्ध Examination/Interview Segment के अंतर्गत Download Interview Letter पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर, जन्मतिथि व जेन्डर भर कर Download Interview Letter क्लिक करेगा, तदनुक्रम में अभ्यर्थी Application Fee Payment Module में वांछित प्रविष्टियां अंकित कर आगे की प्रक्रिया पूर्ण करेगा।

3- साक्षात्कार से संबन्धित समस्त अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि उनके शैक्षिक अभिलेखादि का परीक्षण नहीं हुआ है। साक्षात्कार के समय गहनता से सभी मूल अभिलेखादि का परीक्षण किया जायेगा। अतः साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने वाले समस्त अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक व अन्य अभिलेखादि की मूल प्रतियों एवं छायाप्रतियों के साथ ही साक्षात्कार पत्र के साथ डाउनलोड किये गये अन्य 04 प्रपत्रों एवं सूचना के साथ संलग्न अभ्यर्थी का स्वघोषणा पत्र व वरीयता प्रपत्र को प्रिन्ट कर व भरकर, निर्धारित तिथि व समय पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

4- साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों द्वारा विज्ञापित पदों के संबन्ध में सूचना के साथ संलग्न विभागों के आवंटन हेतु वरीयता प्रपत्र भरकर जमा करना होगा, आयोग द्वारा अभ्यर्थियों की मेरिट व वरीयता को देखते हुए विभाग आवंटन के संबन्ध में निर्णय लिया जाएगा, जो अभ्यर्थी को स्वीकार्य होगा।

5- अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह साक्षात्कार के लिए निर्धारित तिथि, समय एवं पाली पर साक्षात्कार हेतु आयोग कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। उक्त के अतिरिक्त यदि कोई अभ्यर्थी कोविड-19 प्रोटोकॉल के दृष्टिगत निर्धारित तिथि पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित नहीं हो पा रहा है, तो वह अभ्यर्थी दिनांक 08-10-2021 की सायं 05:00 बजे तक अपना प्रार्थना पत्र साक्ष्य/कारण सहित आयोग कार्यालय में भेज सकता है और ऐसे अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांक 12-10-2021 को पूर्वाह्न 10 बजे आहूत किया जाएगा, जिसके लिए कोई पृथक से सूचना नहीं दी जाएगी। इसके पश्चात साक्षात्कार हेतु अन्य कोई अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा। अतः ऐसे अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे उनके साक्षात्कार हेतु निर्धारित तिथि 12-10-2021 को पूर्वाह्न 10 बजे प्रत्येक दशा में आयोग कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

संलग्नक- यथोपरि।

08/09/2021

(आशुतोष मोहन अग्निहोत्री)

सचिव।

विभागों हेतु वरीयता प्रपत्र

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

पिकप भवन, तृतीय तल,गोमती नगर, लखनऊ।

रजिस्ट्रेशन नंबर- रोल न0-

नाम- जन्म तिथि-

आयोग के विज्ञापन संख्या-26-परीक्षा/2016 द्वारा सम्मिलित कनिष्ठ सहायक व कनिष्ठ लिपिक (सा0च0) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2016(II) के अन्तर्गत कनिष्ठ सहायक व कनिष्ठ लिपिक के कुल 536 पदों पर चयन हेतु वांछित वरीयता नीचे दिये गये विभागों के सामने वरीयता क्रम के कालम में स्वेच्छानुसार भरें-

| क्र. सं. | विभाग का नाम | पदनाम | पदों की संख्या | वरीयता क्रम* | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंको में | शब्दों में |
| 1 | निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर (मुख्यालय हेतु)। | कनिष्ठ सहायक | 15 | | |
| 2 | निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर (राजकीय पालीटेक्निक संस्थान)। | कनिष्ठ सहायक | 76 | | |
| 3 | आयुक्त, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग, उ0प्र0। | कनिष्ठ सहायक | 01 | | |
| 4 | आयुक्त, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग, उ0प्र0। | कनिष्ठ सहायक | 06 | | |
| 5 | निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, उ0प्र0, लखनऊ। | कनिष्ठ सहायक | 164 | | |
| 6 | नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान, उ0प्र0, लखनऊ। | कनिष्ठ सहायक | 31 | | |
| 7 | श्रमायुक्त, उ0प्र0, कानपुर (मुख्यालय हेतु) | कनिष्ठ सहायक | 27 | | |
| 8 | श्रमायुक्त, उ0 प्र0 कानपुर । (क्षेत्रीय कार्यालय हेतु) | कनिष्ठ सहायक | 86 | | |
| 9 | महानिदेशक, संस्थागत वित्त, बीमा एवं वाह्य सहायतित परियोजना महानिदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ। | कनिष्ठ सहायक | 11 | | |
| 10 | कुलसचिव, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थ नगर, उ0प्र0 | कनिष्ठ लिपिक | 30 | | |
| 11 | राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, उ0 प्र0, लखनऊ। | कनिष्ठ लिपिक | 01 | | |
| 12 | निदेशक, भूमि अध्याप्ति निदेशालय, राजस्व परिषद, उ0प्र0, लखनऊ। | कनिष्ठ लिपिक | 07 | | |
| 13 | महानिरीक्षक, निबन्धन उ0प्र0 इलाहाबाद। | कनिष्ठ सहायक | 09 | | |
| 14 | महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 | कनिष्ठ सहायक | 66 | | |
| 15 | पेंशन निदेशालय उ0 प्र0 इलाहाबाद | कनिष्ठ सहायक | 06 | | |
| कुल योग | | | 536 | | |

* कोई भी कालम रिक्त न रखें।
* आयोग साक्षात्कार के समय पद की उपलब्धता, श्रेष्ठता व पद की शैक्षिक अर्हता का संज्ञान लेते हुए उपर्युक्त विभागों में अभ्यर्थियों द्वारा दी गई वरीयता के आधार पर यथासंभव विभाग आवंटित करने का प्रयास करेगा किन्तु इस संबंध में आयोग का निर्णय अंतिम होगा।

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर

दिनांक-

अभ्यर्थी का स्वयं की हस्तलिपि में हिन्दी में पूरा नाम

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर, लखनऊ।

विज्ञापन संख्या-26-परीक्षा/2016,

सम्मिलित कनिष्ठ सहायक व कनिष्ठ लिपिक (सा0च0) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2016(II)

**<u>अभ्यर्थी का स्व घोषणा-पत्र</u>**

अनुक्रमांक- .................................................

साक्षात्कार तिथि- ........................................

1- मैं आयोग परिसर/कार्यालय में अनावश्यक विचरण नहीं करूँगा और न ही यत्र-तत्र थूकूँगा।
2- मैने अपना मोबाइल फोन अपने पारिवारिक सदस्य/ कोविड हेल्प डेस्क पर स्विच आफ कर जमा कर दिया है।

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर.....................................

पंजीकरण संख्या...........................................

*जो लागू न हो, उसे काट दिया जाए।

प्रभारी, हेल्प डेस्क द्वारा भरा जाए-

परीक्षण की तिथि .........../............./2021

पाली .............................

हस्ताक्षर........................................................

नाम...............................................................

प्रभारी, हेल्प डेस्क

टेबल सं0